साप्ताहिक
# दिव्य हिन्दी
प्रबंध सम्पादक : विमल जैन
मो. 9860599784
Web - www.divyahindi.com
ISO CERTIFIED - 9001 : 2015
RNI No. MAHHIN/2016/69919
Postal Lic. No. : AKL/DN/235/2020-2021
वर्ष ७ | अंक : ९ | अकोला : रविवार ता.२९ मई २०२२ | पृष्ठ ४ | किमत २ रुपये

## ६ हजार रु. से कम की मासिक आमदनी के दो संतान से कम वाले बहुसंख्यक परिवारो का देश है भारत, यहां जीवन आवश्यक पदार्थो के ऐसे मुल्य ?

**शुध्द घी ६००/- रु. किलो, दूध ५० रु. लिटर, तेल - दाल ८०, गेहूं - ज्वारी २५, चावल - ३०, गुड - ५०, शक्कर - ४०, नमक - १० रु. किलो**

विमल जैन

अकोला – कम आमदनी वाले और बडी आमदनी वाले दोनो परिवार एक ही बाजार से खाद्यान्न खरीदते है ! दोनो को एक ही मुल्य से मिलता है ! ६ हजार रु. से कम के मासिक आमदनी वाले परिवार की आमदनी में से सबसे पहले घर किराया, कर्ज की किश्त, बच्चो की पढाई, लाईट-पानी बिल, मोबाईल, व्हेहिकल, दवाई, इत्यादी अनिवार्य खर्च होते है । इन खर्चो में परिवार का कोई व्रत नहीं चल सकता, यह लगना ही है । हाँ..... अनाज किराणा है जिसमें अल्प कमाईवाले परिवार व्रत रखकर बिघडते बजेट को साध लेते है । एक तरफ – देश के जन प्रतिनिधी जिन्हें लाखो के पॅकेज, वेतन, और अस्पताल, ट्रॅव्हेलींग जैसी कई सुविधायें मुफ्त में आते है । फिर भी बढती महंगाई के नाम पर अपने पॅकेज, वेतन में वृध्दी कर लेते है, देश की तिजोरी जो उनके पास है । और दुसरी तरफ – देश के दो संतान से कम वाले अल्प आमदनी के बहुसंख्यक परिवार जिन्हके पास बढती महंगाई के साथ अपनी आमदनी को बढाने का कोई तरीका नहीं है । वे अपने बच्चो को जो देश का भविष्य है , उन्हे शुध्द घी, दुध नहीं दे सकते । पौष्टीक दालो से भी वे वंचित रहते है ।


इन घरेलु व्यवस्था में, महंगाई के कारण – कम आमदनी के कारण सिकुडे हुए बहुसंख्य परिवारो को समृध्द किये बिना विकसित देशो के साथ कब तक आंख से आंख मिलाकर देश खडा रहे पायेंगा ?

सरकारने जल्द से जल्द विकास की योजनाओं के साथ एक ऐसी योजना बनानी चाहिये की दो संतान से कम वाले, ६ हजार रु. से कम की आमदनी से बहुसंख्यक परिवारो को, उनके बजेट में जिवनावश्यक खाद्यान्न मिले और बडी आमदनी वाले परिवारो को इनके बजेट में खाद्यान्न मिले ।

दोनो को एकही बाजार से मिले मगर अलग अलग मुल्यो से ! अगर यह संभव नहीं तो अल्प आमदनी वाले बहुसंख्यक परिवारो की आमदनी की वृध्दी की कोई योजना बनाई जानी चाहिये । सब संभव है, इच्छाशक्ती चाहिये ।

## कॉटन सिटी अकोला में आज से नागरिकों के लिये यातायात में सुगमता बढी !

**मा.ना. नितीनजी गडकरी के करकमलों से उड़ानपुल का लोकार्पण**



अकोला – अकोला के नागरिकों को अपने गंतव्य तक जल्द पहुंचने और ट्रैफिक समस्या से छुटकारा पाने के लिए, कल से अकोला उड़ान पुल आवागमन के लिये शुरु हो गया ! यह अकोला के नागरिकों के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट था जिसका उद्घाटन कल केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी जी के हाथो से किया गया ! इस अवसर पर अकोला के सभी जनप्रतिनिधि सहित हजारों नागरिक उपस्थित थे ! अब अकोला को भी ट्राफिक के सिरदर्द से राहत मिलेगी ! इससे जनता का जो समय बचेगा वो विकास के रुप में सामने दिखेगा ! आज से जनता की भी जिम्मेदारी बढ गयी, जनता को जागरुक रहना होगा जिससे यह सुंदर उडान पूल हमेशा इसी सुंदर स्थिति में रहे !

## देश की पहली महिला कॉम्बैट एविएटर बनीं कैप्टन अभिलाषा बराक



नासिक – कैप्टन अभिलाषा बराक बुधवार को सेना की पहली महिला लड़ाकू पायलट बन गईं। उनके सेना की एविएशन कोर से जुड़ने के साथ ही सेना के लिए आज का दिन एतिहासिक रहा। आर्मी एविएशन कॉर्प्स में शामिल होने से पहले अभिलाषा नासिक में कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल में कोर्स को पूरा करने में लगी हुई थीं। एक साल का ट्रेनिंग कोर्स पूरा होने के बाद आज उन्हें महिला लड़ाकू पायलट के रूप में सेना में शामिल कर लिया गया।

## अमेरिका की आपत्ति के बावजूद रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखेगा भारत




नई दिल्ली – अमेरिका की आपत्ति के बावजूद भारत रूस से सस्ता क्रूड ऑयल खरीदना जारी रखेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने ये जानकारी दी है। अभी भारत औसतन १०० डॉलर प्रति बैरल के भाव से कच्चा तेल खरीदता है। हालांकि आगे रूस कितने डिस्काउंट पर क्रूड ऑयल देगा, ये अभी साफ नहीं है। इसके साथ ही सरकार रुपए रूबल मैकेनिज्म पर भी विचार कर रही है।

## जेपी नड्डा के आवास पर हुई मीटिंग, ७० साल से अधिक उम्रवालों को टिकट नहीं

नई दिल्ली – पार्टी के उच्चस्तर पर इस बात को लेकर सहमति बनी है कि ऐसे मौजूदा सांसद जिनका



जन्म १९५५ के बाद हुआ है, उन्हें ही २०२४ में लोकसभा का टिकट दिया जाएगा।

इससे पहले जन्मे नेताओं को टिकट नहीं मिलेगा। यानी ७० प्लस के नेताओं को टिकट नहीं दिया जाएगा। केवल एक-दो अपवादों में ही इस नियम से छूट मिलेगी। यह नियम लागू हुआ तो भाजपा के मौजूदा ३०१ सांसदों में से ८१ को टिकट नहीं मिलेगा।

## इजरायल ने पेश की ऐसी मशीन जो हवा से बनाती है पानी

मुंबई – इजरायल की कंपनी ने भारत में एक ऐसी मशीन पेश की है, जो हवा के जरिए पीने का पानी बना सकती है।

ये मशीन एम्बिएंट एयर से मिनरलाइज्ड, सेफ ड्रिंकिंग वाटर क्रिएट करती है। कंपनी का कहना है कि इसके जरिए ३० लीटर से लेकर ६ हजार लीटर तक प्रति



दिन पानी बनाया जा सकता है। इसकी कीमत को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन माना जा रहा है कि इसका दाम ढाई लाख रुपए से शुरू होगा।


## जून में बदल रहे ५ बड़े नियम

● SBI द्वारा होम लोन में EBLR और ब्याज दर बढ़ जाएगी ● १००० से १५००cc तक की इंजन क्षमतावाली कारों का इंश्योरेंस प्रीमियम महंगा हो जाएगा ● २८८ जिलों में गोल्ड ज्वैलरी में हॉलमार्क अनिवार्य होगा ● इंडियन पोस्ट बैंक में आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के लिए १५ जून से इश्यूअर चार्ज लगेगा ● सेमी अर्बन इलाकों में Axis बैंक के सैलरी अकाउंट में २५ हजार रुपए मंथली बैलेंस रखना होगा।




**दिव्य हिन्दी "इसका पन्ना पन्ना, हिरा पन्ना !"**

## सम्पादकीय



# दूसरों को सुखी रखने वाला स्वयं सुखी हो जाता है

हम क्या हैं या कोई भी व्यक्ति क्या है यह जानने की दो मुख्य कसौटियां हैं। पहली, जब हमारे पास कुछ नहीं होता तब हम अपने लिए क्या सोचते हैं और जब हमारे पास बहुत कुछ होता है तब दूसरों के लिए हमारी क्या सोच होती है, हम उनके लिए क्या करते हैं। यह दूसरी कसौटी है।

स्पष्ट शब्दों में कहें तो दुख के समय में अपने लिए कौन सा विचार और सुख के समय में दूसरों के लिए कौन सा विचार हम अपनाते हैं, इस पर निर्भर करता है कि हम किस श्रेणी के हैं।

आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि दुख के समय में हम दूसरों पर दोषारोपण करके अपने दुख को हल्का करने का प्रयत्न करते हैं। इसके विपरीत जब हम सुख में डूबे होते हैं तो अपने सुख को खुद तक सीमित रखकर उस सुख को सुरक्षित रखने का भ्रम पालते हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि अपने स्वयं के दुख की जिम्मेदारी खुद स्वीकार कर लेना ही दुख को हल्का करने का या दुख से मुक्त होने का श्रेष्ठ उपाय है।

खुद के सुख को दूसरों तक पहुंचाने का प्रयत्न करते रहना ही सुख को सुरक्षित रखना है। थोड़ा सोचें कि जब कभी जीवन में सुख आता है तब हमारा मन उसे संग्रहित करने का होता है या उसका सदुपयोग करने का उसे अपने पास रखने का मन होता है या सभी को बांटते रहने की इच्छा आती है अपने सुख से दूसरों को सुखी बनाते रहने का मन होता है या ईर्ष्या करवाने, उन्हें चिढ़ाने का मन होता है मन तो बड़ा स्वार्थी है अपने बारे में ही सोचता है।

मन के दो बड़े दोष हैं, अपने प्रति आदर भाव और दूसरों के प्रति घृणा का भाव। मन अपने प्रति आदर भाव इसलिए रखता है कि उसे अहंकार को पुष्ट करना है और पर के प्रति नफरत इसीलिए कि उसे द्वेष को और अधिक पक्का करना है। इसके पीछे अंतर्मन में छिपी यह भावना है कि वह सारे अच्छे गुण खुद रखता है और सामने वाले को दुर्गुणों का भंडार समझता है। ऐसी धारणा रखने वाले व्यक्ति का न कोई मित्र बनने को तैयार होता है, ना कोई उसे मित्र बनाता है।

# दुनिया की सबसे महंगी कार: ११०० करोड़ रुपए में बिकी मर्सिडीज बेंज 300 SLR



लग्जरी कारों की अगर बात की जाए तो सबसे पहले जबां पर मर्सिडीज बेंज का नाम आता है। इस जर्मन कार कंपनी की एक कार हाल ही में नीलाम हुई है। इसके बाद मर्सिडीज बेंज 300 SLR दुनिया की सबसे महंगी नीलाम होने वाली कार बन गई है। साल १९५५ मॉडल की स्पोर्ट्स कार मर्सिडीज बेंज SLR (Mercedes-Benz 300 SLR) एक प्राइवेट ऑक्शन में करीब ११०० करोड़ रुपए (१४३ मिलियन डॉलर) में नीलाम हुई है






# वट सावित्री व्रत पूजा मुहूर्त

शनि जयंती और वट सावित्री अमावस्या ३० मई को एक साथ मनाई जाएगी। खास बात ये है कि इस दिन तिथि, वार और नक्षत्र से तीन बड़े शुभ संयोग रहेंगे। जो अखंड सौभाग्य की कामना से व्रत रखने वाली महिलाओं और शनि भक्तों के लिए मंगलकारी होंगे।

इसमें सुहागिन महिलाएं सोलह सिंगार करके अपने पति की लंबी उम्र के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं. बरगद के पेड़ को चिरंजीवी कहा जाता है. क्योंकि इस पर ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवों का वास होता है. ऐसी मान्यता है कि इस पर हर वक्त माता लक्ष्मी का निवास रहता है. इसलिए बरगद के वृक्ष की पूजा करने पर कष्टमुक्त, रोगमुक्त, भयमुक्त होने के साथ-साथ पति की लंबी उम्र का वरदान प्राप्त किया जा सकता है. जिससे घर में सुख शांति बनी रहती है. गृह क्लेश की संभावना कम हो जाती हैं. सुहागिन महिलाएं सोलह सिंगार करके टोकरी




में सामान लेकर नजदीक में किसी बरगद वृक्ष के पास जाकर विधिवत उसकी पूजा अर्चना करती हैं और उस पर जल चढ़ाती हैं.

सूर्योदय के समय अमावस्या तिथि ३० मई को पड़ रही है तथा यह तिथि ३० मई को शाम ०४:५९ बजे समाप्त हो रही है. ऐसे में वट सावित्री व्रत ३० मई को रखा जाएगा. इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी प्रात: ०७:१२ बजे से लग जा रहा है, जो पूरे दिन है. ऐसे में इस दिन व्रत पूजन अति पुण्य फलदायी होगा.


**पूजा सामग्री** – सुहागिन महिलाएं टोकरी में सुहाग का सारा सामान, कच्चा सूत, रोली, चंदन, अक्षत, घर से बना मीठा पकवान, फल, फूल, मिट्टी का दिया, भीगा चना, मिठाई, खरबूजा, जल से भरा कलश लेकर नजदीक में बरगद के पेड़ के पास जाकर उसकी परिक्रमा करती हैं और पूजा करती हैं.

**कैसे करें पूजा** – सुहागिन महिलाएं सुबह सुबह स्नान करके, सोलह सिंगार करके, अपना सारा सामान टोकरी में लेकर, बरगद वृक्ष के पास जाकर बरगद के पेड़ में रोली और चंदन का तिलक लगाएं. कच्चा सूत बांधकर पांच से सात बार बरगद के पेड़ की परिक्रमा करें. बरगद के पेड़ पर फल, फूल, मिष्ठान, घर से बना हुआ पकवान चढ़ाकर अपने पति की लंबी उम्र की प्रार्थना करें. जल से भरे कलश से बरगद के पेड़ को सिंचित करें. सत्यवान और सावित्री की कथा सुनने अथवा सुनाएं. पूर्ण निष्ठा और भक्ति भाव से बरगद के वृक्ष की परिक्रमा करते हुए अपने पति की लंबी आयु की कामना करें.

# पायल पहनने के ये फायदे सुने है आपने !

नई दिल्ली – एंकलेट्स जिसे पायल या पाजेब के नाम से भी जाता जाता है. ये भारतीय महिलाओं के लिए एक खूबसूरत ज्वैलरी है. महिलाएं इसे सोलह श्रृंगार के तौर पर पहनती हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं इसको पहनने के अपने ही कई फायदे है. ये सिर्फ फैशन स्टेटमेंट ही नहीं है बल्कि इसको पहनने के कई साइंटिफिक बेनिफिट्स भी हैं जो कि बॉडी को हेल्दी रखते हैं.

साउंड बेनिफिट्स– पायल की आवाज आपके घर के एन्वायरमेंट पॉजिटिव और प्यूरिटी भरती है. इसकी आवाज से पॉजिटिव वाइब्स



आती हैं.

आयुर्वेद में पाजेब– आयुर्वेद में कुछ मेडिसिन मेटल की राख से बनती हैं. ऐसे में पाजेब बनने से आपको कई फायदे होते हैं.

सिल्वर पायल पहनने से पैरों का दर्द कम होता है और वीकनेस कम होती है.

सिल्वर पायल पैरों की सूजन कम करती है और ब्लड सर्कुलेशन को रेगुलेट करती है. सिल्वर पायल इम्युनिटी भी बूस्ट करती है. ऐसा माना जाता है कि जो महिलाएं पैरों में सिल्वर पायल पहनती हैं उन्हें गाइनोलॉजिकल डिस्ऑर्डर जैसे मेंस्ट्रुअल प्रॉब्लम्स, इंफर्टिलिटी और हार्मोंस इंबैलेंस कम होता है.

पॉजिटिव वाइब्रेशंस– ऐसा माना जाता है कि जिस घर में महिलाएं पायल पहनती हैं वे गॉड को अट्रैक्ट करती है. ऐसे में घर में भगवान का वास होता है.

# इटेलियन ब्रुशेटा

★ रेसिपी ★

**सामग्री :** प्याज़, शिमला मिर्च, टमाटर– १-१ बारीक कटे, हरा धनिया– थोड़ा-सा बारीक कटा, मक्का दाना– १ बड़ा चम्मच उबले हुए (वैकल्पिक), ऑलिव्स– ५ (वैकल्पिक), लहसुन– ५ कलियां बारीक कटी, छोटी ब्रेड का पैकेट– १, जैतून का तेल या मक्खन– ३ बड़े चम्मच, चीज़– १ कप कद्दूकस की हुई, चीज़ के छोटे-छोटे टुकड़े, नमक और ऑरिगैनो– १ छोटा चम्मच, चिली फ्लेक्स– स्वादानुसार।



**विधी :** मक्खन या जैतून के तेल में एक छोटा चम्मच लहसुन और हरा धनिया डालकर मिलाएं। इसे एक तरफ़ रख दें। अलग बोल में सारी सब्ज़ियां, नमक, चिली फ्लेक्स और ऑरिगैनो मिलाएं। बचा हुआ मक्खन इसमें मिलाएं और बीस मिनट के लिए रख दें। अब ब्रेड पर लहसुन का पेस्ट लगाएं। चीज़ के टुकड़े डालें। सब्ज़ियों का मिश्रण फैलाएं। कीसा हुआ चीज़ सब्ज़ी के ऊपर से फैलाएं। ब्रेड को १८० डिग्री पर पंद्रह से बीस मिनट तक सुनहरा भूरा होने तक बेक करें या तवे पर ढककर चीज़ पिघलने तक पकाएं। ऊपर से ऑरिगैनो और चिली फ्लेक्स डालकर गर्मा-गर्म परोसें। नोट– बड़े आकार की ब्रेड को चार भागों में काटकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

# 'वन स्टॉप सेन्टर' की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाएं - अरोरा



अकोला - जिला स्त्री अस्पताल में कार्यरत सखीः वन स्टॉप सेंटर केंद्र की जानकारी अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाएं, पीड़ित महिला को इस सुविधा का लाभ लेने का आव्हान जिलाधिकारी ने किया। जिला स्त्री अस्पताल में केंद्र पुरस्कृत वन स्टॉप सेंटर सखी योजने अंतर्गत हिंसाचार पीड़ित महिलाओं की वैद्यकीय सुविधा कानूनी सलाह पुलिस सहायता, काउंसिलिंग व अस्थायी आश्रय यह सभी सुविधा एक ही छत के नीचे दी गई हैं।

## चने की खरीदी नाफेड ने की बंद

अकोला - नाफेड द्वारा संचालित की जा रही चना खरीदी प्रक्रिया को २३ मई से अचानक बंद किए जाने के कारण किसानों के सामने समस्या निर्माण हो गई थी। वर्तमान स्थिति में किसानों के पास बड़ी मात्रा में चना है जिसे खरीदने के लिए उक्त प्रक्रिया पुनःह आरंभ किया जाए ऐसी मांग भाजपा विधायक ने केंद्रिय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर को ज्ञापन भेज कर की है।


**जपसरे हॉस्पिटल & CRITICAL CARE**

२४ घंटे सेवा

**डॉ. कैलाश जपसरे**

M.D. Medicine हृदयरोग तज्ञ

क्रिटीकल केअर • आयसीयु युनिट

अकोट बस स्थानकाच्या बाजुला, अकोट जि. अकोला.

Care Diagnostic Lab — Mob. : 7020909678

**केअर डायग्नोस्टीक लॅब**

समय : सु. ८.०० से शाम ८.३०

रविवार सु. ८.०० से दो.२.००

अमनखाँ प्लॉट रोड, बॅक ऑफ बडौदा के सामने, सुर्या संकुल, अकोला.

• २४ घंटे आपातकालीन सेवा. •

- हीमॅटोलॉजी
- सायटोलॉजी
- हीस्टो पॅथोलॉजी
- थायराईड
- हार्मोन्स
- ब्लड गॅसेस (ABG)


# स्वास्थ्य सरिता

**स्लीप डिश - (मणके की तकलीफ)**

**एक सहायक उपाय** - शिलाजीत का गेहुं बराबर दाना रात में खा लेना और एक कटोरी दुध पी लेना । ३० दिन करनेसे आराम हो जाता है ।

# "खेल - जगत"



## १६ साल के प्रज्ञानानंद चेसेबल मास्टर्स के फाइनल में पहुंचनेवाले पहले भारतीय




चेन्नई - भारत के युवा ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंद ने कमाल कर दिया है। वे शतरंज के बड़े-बड़े दिग्गजों को मात देते हुए चेसेबल मास्टर्स फाइनल में पहुंच गए हैं। अब उनका सामना वर्ल्ड नंबर-२ चीन के डिंग लिरेन से होगा। प्रज्ञानानंद चेसेबल मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

महज १२ साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर का टाइटल हासिल करने वाले प्रज्ञानानंद ने अपने से हाई रेटिंग वाले डच ग्रैंडमास्टर अनीश गिरि को सेमीफाइनल मुकाबले में टाई ब्रेकर में ३.५-२.५ से हराया। इससे पहले चार गेम का मुकाबला २-२ की बराबरी पर रहा था।

प्रज्ञानानंद ने इस प्रतियोगिता के ५वें दौर में विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन को हराया था। यह दूसरा मौका था, जब उन्होंने विश्व चैंपियन को पराजित किया था। इससे ९० दिन पहले फरवरी के महीने में उन्होंने एयरथिंग्स मास्टर्स में कार्लसन को पहली बार हराया था।




**मे. चेलाराम मशिन्स**

• पी.व्हि.सी. पाईप • जी.आय.पाईप • जेट पंप • पंप व अन्य मशिन्स तथा पार्ट्स के अधिकृत विक्रेता.

• मानेक टॉकीज के सामने, तिलक रोड, अकोला.
• जापान जीन, दगडीपुल रोड, अकोला.


# जॉब

### Indian Army - 220 Post
- पद का नाम : नर्सींग सर्व्हिस
- पात्रता : नियमानुसार
- वयमर्यादा : १८ से ३० वर्ष
- अंतिम दिनांक : ३१/०५/२०२२
- www.joinindianarmy.nic.in

### Manglor Refinery
- पद : इंजिनिअर
- पात्रता : बी.ई., बी.टेक.
- वयमर्यादा : १९ से २७ वर्ष
- अंतिम दिनांक : २८/०५/२०२२
- www.mrpl.co.in

### Indian Post
- पद : ग्रामीण डोकसेवक
- पात्रता : १० वी पास....
- वयमर्यादा : १८ से ३८ वर्ष
- अंतिम दिनांक : ०५/०६/२०२२
- www.indianpostgdsonline.gov.in

### Central Railway Info.System
- पद : सॉफ्टवेअर इंजिनिअर...
- पात्रता : बी.ई., बी.टेक.
- वयमर्यादा : १९ से ३२ वर्ष
- अंतिम दिनांक : २४/०५/२०२२
- www.cris.org.in

### SSC
- पद : नर्सिंग
- पात्रता : १२ वी पास, नर्सींग कोर्स
- वयमर्यादा : १८ से २५ वर्ष
- अंतिम दिनांक : १३/०६/२०२२
- www.ssc.nic.in


**सारडा करिअर पॉईंट**

जॉईन ऑनलाईन क्लासेस
www.sardacareer.in
Also Download APP in Playstore

**UPSC/MPSC/STI/PSI**

• बँकींग • एम.बी.ए. एन्ट्रन्स • एम.सी.ए. एन्ट्रन्स • स्टाफ सिलेक्शन कमिशन • रेल्वे रिक्रुटमेंट • पोस्ट ऑफीस • तलाठी और सभी स्पर्धा परिक्षा के लिये... अनुभवी विशेषज्ञ और वैयक्तीक मार्गदर्शन के लिये आजही संपर्क करें मो. 9822019629, 9049449933

किंग बेकरी के उपर, एल.आर. टी.कॉलेज रोड, अकोला.


### ONGC - 922 Post
- पद : नॉन एक्झीकेटीव्ह
- पात्रता : आयटीआय डिप्लोमा इंजि.
- वयमर्यादा : १८ से २८ वर्ष
- अंतिम दिनांक : २८/०५/२०२२
- www.ongcindia.com

### MPSC - 161 Post
- पद : असि. रिजनल ट्रान्स. ऑफीसर
- पात्रता : ग्रॅज्युएट....
- वयमर्यादा : १९ से ३८ वर्ष
- अंतिम दिनांक : ०१/०६/२०२२
- www.mpsconline.gov.in

### ECHS Mumbai
- पद : मेडीकल स्पेशालिस्ट....
- पात्रता : जी.एन.एम., बी.एस.सी.
- वयमर्यादा : १९ से ३८ वर्ष
- अंतिम दिनांक : १०/०६/२०२२
- www.echs.gov.in

### ASAM RIFLES
- पद : टेक्नीकल ट्रेडस्मॅन
- पात्रता : आयटीआय, १२ वी पास
- वयमर्यादा : १८ से २५ वर्ष
- अंतिम दिनांक : २०/०७/२०२२
- www.asamrifles.gov.in


# जीवन सरिता

जैसे बचपन से बडे होने की परिवर्तन प्रक्रिया का हमें पता नहीं चलता वैसे ही मानव विरोधी आहार - विचार वाले व्यक्तीयों के संपर्क तथा वैसीही टीव्ही सिरीयल्स, सिनेमा कब हमारी मानसिकता को और सहनशिल और हिंसक बना देंगे पता ही नहीं चलेगा ।

# फिल्मी जगत



## ३ जून को बड़े पर्दे पर रिलीज होंगी 'मेजर'




मुंबई हमले २६/११ में शहीद हुए मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन पर आधारित फिल्म है इस फिल्म में २६/११ की भयावह तस्वीर को दिखाने के लिए काफी है। फिल्म में मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के बचपन से लेकर उनके मेजर बनने और मुंबई आतंकवादी हमले में आतंकियों का सामना करने तक की झलक दिखाई गई है। मेजर संदीप उन्नीकृष्णन अभिनेता अदिवि शेष ने निभाई है। जिनके जरिए मेजर संदीप की वीरता की कहानी को दर्शाया गया है। फिल्म में देखा जा सकता है कि कैसे मेजर संदीप के मन में बचपन से ही देश भक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी थी और वह हमेशा से ही आर्मी जॉइन करना चाहते थे। मेजर की कहानी उनके देश के प्रति जज्बे को तो दिखाती ही है साथ ही एक सोल्जर के निजी जीवन को भी दर्शाती है, कि कैसे सैनिक भी एक बेटा, पति होने के बावजूद अपने देश को ऊपर रखता है। फिल्म मेजर को शशि किरण टिक्का ने निर्देशित किया है और अदिवि शेष के अलावा अभिनेत्री शोभिता धूलिपाला अहम भूमिका में हैं। वह एक प्रवासी भारतीय महिला के किरदार में हैं, जो उस रात को हुए भयावह हमले में होटल के अंदर आतंकवादियों की गिरफ्त की शिकार हो जाती है। फिल्म में दिग्गज अभिनेता प्रकाश राज मेजर संदीप के पिता के किरदार में दिखाई देने वाले हैं। मेजर फिल्म को ३ जून को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।

# चौधरी कोचिंग क्लासेस की अवैध ईमारत गिराई जाये



अकोला– पोस्को के आरोपी कोचिंग के आड़ में हवस का अड्डा चलाकर युवतियों के जीवन के साथ खिलवाड़ करनेवाले शिक्षक वसीम के अवैध कोचिंग क्लासेस की जांच कर तुरंत गिराया जाए ऐसी मांग विश्व सनातन संघ के प्रदेश अध्यक्ष मयूर मिश्रा द्वारा की गई है, और इनकम टैक्स विभाग भी इस की आय से अधिक संपत्ति मामले के एंगल से जांच करे यह भी कहा गया है.

# ४२५ पटाखा बुलेट ४.२५ लाख जुर्माना वसूला

अकोला – शहर यातायात पुलिस ने लगभग साढ़े तीन महीने में पटाखों की आवाज निकालने वाली ४२५ बुलेट वाहन धारकों से ४ लाख २५ हजार का जुर्माना वसूल किया है। अलावा बुलेट जैसे वाहनों के स्पेयर पार्टस की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों को पुलिस ने नोटीस जारी कर चेतावनी दी है कि वे बुलेट में पटाखों की आवाज निकालने वाले साइलेन्सर न रखें और न ही किसी को बेचें।

# ३१ मई को होगा प्रभागों का चित्र स्पष्ट

अकोला – पहले ही प्रभाग रचना ने कई इच्छुकों को करारा झटका दिया। अपने समर्थक परिसरों के हिसाब से प्रभाग न बनने से कइयों ने चुनाव लड़ने का इरादा छोड़ा।

वहीं अब बचेकुचे इच्छुकों का पत्ता आरक्षण ड्रा से कट जाएगा। कौन सा प्रभाग पुरुष उम्मीदवारों को मिलेगा और कौन सा महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा इसका पूरा चित्र ३१ मई को होनेवाले आरक्षण ड्रा से स्पष्ट हो जाएगा।

राज्य चुनाव आयोग ने आरक्षण ड्रा कार्यक्रम जारी किया है। २७ मई को नोटिस जारी करने के बाद ३१ मई को ड्रा निकाला जाएगा। इस ड्रा में ४६ सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होगी। ३० प्रभाग में कुल ९१ सीटे है, जिसमें से सिर्फ ५५ सीटें पुरुषों के लिए बचेगी।

# प्रोजेक्ट्स में कीचड़ जमा होने से जलसंचय क्षमता घटी



अकोला – जिले के काटेपूर्णा एवं वान सहित दो बड़े तथा मोर्णा, निर्गुणा एवं उमा आदि तीन मंझोले प्रोजेक्ट्स में कुल ४६.४३ मिलियन घनफीट कीचड़ जमा हो गया है. इस वजह से इनकी जलसंचय क्षमता २५०.२९ क्यूबिक मीटर से सिमटकर २०३.८६ क्यूबिक मीटर रह गई है. इस तरह के जलाशयों की प्रोजेक्ट तैयार करने के दौरान उसमें प्रतिवर्ष जमा हो सकने वाले कीचड़ की संभावित मात्रा भी दर्ज की जाती है. सभी छोटे प्रोजेक्ट्स में उनकी जलसंचय क्षमता की तुलना में प्रतिवर्ष ०.६ प्रतिशत कीचड़ जमा होता है. प्रशासन इस विषय को गंभीरता से ले.

# बीज व खाद उचित दरों पर उपलब्ध कराएं

अकोला – फिलहाल बीजों एवं खादों की कीमतें आसमान छू रही हैं व आम किसानों की पहुंच से बाहर हो गई हैं. खरीफ सीजन को देखते हुए बीज व खाद उचित दरों पर उपलब्ध कराए जाने की मांग किसानों द्वारा की जा रही है. जिले में सोयाबीन, कपास एवं तुअर की बड़े पैमाने पर बुआई की जाती है.

# शहर के मध्य में महावितरण का कार्यालय बना शो पीस



अकोला – जूना किराना बजार स्थित महावितरण का कार्यालय बंद ही रहता है, यहाँ कार्यरत अधिकारी नही के बराबर आते है, और अपनी मन मर्जी से काम करते है यह व्यवसाई परिसर होने के कारण यह कार्यालय कभी भी बंदी नही होना चाहिए परंतु यह बंद ही रहता है, कर्मचारि भी अधिकारी के मनमर्जी से तंग आ गए है, महावितरण के वरिष्ठ अभियंता इस और दे कर तुरंत उचित कार्यवाही करे.


















यह पत्र मालक, प्रकाशक, सम्पादक ज्योतिन्द्र शांतीलाल जैन इन्होने मुद्रक संतोष गणपतराव धरमकर इनके श्रीकृपा प्रिंटर्स, जापान जीन, दगडी पुल रोड, अकोला (महाराष्ट्र) यहाँ छपवाकर कार्यालय सा. दिव्य हिन्दी, जापान जीन दगडी पुल रोड अकोला–४४४ ००१ (महाराष्ट्र) यहाँ से प्रकाशित किया. कोई भी विवाद केवल अकोला न्यायालय अंतर्गत ■ सम्पादक : ज्योतिन्द्र शांतीलाल जैन

सूचना : साप्ताहिक दिव्य हिन्दी में छपी जानकारीयाँ विज्ञापनों की जाँच परख करने के पश्चात ही पाठक गण अपना कदम उठाये. हमारी हमेशा यही कोशिश रहती है कि, आप तक सही जानकारी पहुँचाए, फिर भी कॉम्प्युटर/ डिटीपी टाईपसेटींग या अन्य किसी कारण से कोई गलती रह जाती है तो, उसके लिये साप्ताहिक दिव्य हिन्दी के मालक, प्रकाशक, सम्पादक, प्रबंध सम्पादक जवाबदार नहीं. कृपया पाठकगण इसका ध्यान रखें.